LIFE INSURANCE CORPORATION OF INDIA

# प्रैस विज्ञप्ति

## 02.06.2025 – अखिल भारतीय



**<u>श्री रत्नाकर पटनायक ने भारतीय जीवन बीमा निगम के प्रबंध निदेशक के रूप में कार्यभार ग्रहण किया</u>**

श्री रत्नाकर पटनायक को 1 जून 2025 को भारतीय जीवन बीमा निगम के प्रबंध निदेशक के पद पर पदोन्नत किया गया है। उन्हें भारत सरकार द्वारा दिनांक 14 मई 2025 की अधिसूचना के तहत प्रबंध निदेशक के रूप में नियुक्त किया गया था।
1968 में जन्मे श्री पटनायक सितंबर 1990 में भारतीय जीवन बीमा निगम में प्रत्यक्ष भर्ती अधिकारी(Direct Recruit Officer) के रूप में शामिल हुए। वे भौतिकी (ऑनर्स) में स्नातक और लोक प्रशासन में परास्नातक हैं। उन्होंने भारतीय बीमा संस्थान के फेलोशिप एवं स्वास्थ्य बीमा में डिप्लोमा प्राप्त किया है। भारतीय जीवन बीमा निगम के प्रबंध निदेशक का पदभार ग्रहण से पहले, श्री पटनायक निगम के कार्यकारी निदेशक (निवेश-फ्रंट ऑफिस) और मुख्य निवेश अधिकारी थे।

श्री पटनायक ने निगम में 35 वर्षों के कार्यकाल में देश के अनेक भौगोलिक क्षेत्रों में महत्वपूर्ण पदों पर कार्य किया है। वे इंदौर और जमशेदपुर मंडलों के वरिष्ठ मंडल प्रबंधक रहें तथा उन्होंने पूर्वी क्षेत्र में प्रादेशिक प्रबंधक (मार्केटिंग/सीएलआईए) के रूप में भी काम किया। उन्होंने पिछले कई वर्षों में विभिन्न पदों पर रहते हुए विपणन, ग्राहक सेवा और निवेश के क्षेत्रों में अपनी पहचान बना ली है ।

दिनांक 2 जून 2025, मुम्बई।

अधिक जानकारी के लिए कृपया संपर्क करें:
कार्यकारी निदेशक (निगमित संप्रेषण), भारतीय जीवन बीमा निगम, केंद्रीय कार्यालय, मुंबई।
ईमेल आईडी: ed_cc@licindia.com
हमें www.licindia.in पर विजिट करें।

---

हमें विश्वास है कि इस विज्ञप्ति में शामिल समाचार आपके पाठकों के लिए मूल्यवान हैं। हम आपको इसे जल्द से जल्द प्रकाशित करने के लिए धन्यवाद देंगे, हम यह भी समझते हैं कि ऐसा करने का निर्णय पूरी तरह से आपके पास है।